प्रेषक

निदेशक सैकेण्डरी शिक्षा, हरियाणा
शिक्षा सदन, सैक्टर–5, पंचकुला

सेवा में

राज्य के सभी जिला शिक्षा अधिकारी,
राज्य के सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी,

यादि कमाक : 20/1–2025 तालमेल (1)
दिंनाक, पंचकुला : 19.06.2025

विषयः– राज्य शिक्षक पुरस्कार–2025 के लिए योग्य शिक्षकों के आवेदन ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित करने बारे।

--------

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में।

विषयांकित मामले में, आपको अवगत किया जाता है कि राज्य शिक्षक पुरस्कार–2025 के लिए योग्य शिक्षकों के स्वयं नामांकन (Self Nomination) करवाने हेतु दिनांक 20.06.2025 से निम्नलिखित लिंक ओपन किया जा रहा है, जिस पर आवेदन करने की अन्तिम तिथि 11.07.2025 है :–

http://117.239.183.208/StateAward2025

उक्त लिंक पर इस पुरस्कार से सम्बन्धित सभी दिशा–निर्देश, निर्धारित मापदण्ड एवं पोर्टल से सम्बंधित जनरल गाईडलाईन उपलब्ध है। इस पुरस्कार के लिए आवेदन करने से पूर्व पोर्टल पर उपलब्ध सभी दिशा–निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ा जाए। उक्त लिंक/पोर्टल पर **अन्तिम तिथि (11.07.2025)** तक फाईनल सबमिशन किये गये ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे। किसी भी परिस्थिति में ऑफलाईन आवेदन स्वीकार्य नहीं होगें।

यदि उक्त पोर्टल/लिंक पर अपना आवेदन करते समय किसी भी प्रकार की कोई तकनीकी समस्या उत्पन्न होती है, तो आवेदक शिक्षक विभाग की ई–मेल **stateteacheraward2021@gmail.com** तथा हैल्प डैस्क न0 0172–5049801 पर सम्पर्क कर सकता है।

अतः आपसे अनुरोध है कि इस बारे में अपने अधीनस्थ सभी कार्यालयों/विद्यालयों को यह पत्र भेजकर, उक्त लिंक के माध्यम से राज्य शिक्षक पुरस्कार–2025 के लिए योग्य शिक्षकों को स्वयं नामांकन करने हेतु प्रोत्साहित करना सुनिश्चित करवाया जाये।

कृप्या इसे उच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

Kuldeep Mehta

सहायक निदेशक तालमेल
कृतेः निदेशक सैकेण्ड़री शिक्षा हरियाणा,
पंचकूला
19/6/25

पृष्ठांकन कमांक –सम– दिनांक, पंचकूलाः

इसकी एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक एवं आगामी कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. पी0एस0/अतिरिक्त मुख्य सचिव विद्यालय शिक्षा विभाग हरियाणा चण्डीगढ।
2. पी0ए0/महानिदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा पंचकूला।
3. पी0ए0/निदेशक सैकण्डरी शिक्षा हरियाणा पंचकूला।
4. निदेशक, एस0सी0ई0आर0टी0 हरियाणा, गुरूग्राम।
5. पी0ए0/अतिरिक्त निदेशक प्रशासन।
6. पी0ए0/संयुक्त निदेशक प्रशा0–I एवं II
7. पी0ए0/संयुक्त निदेशक (शैक्षणिक)।
8. संयुक्त निदेशक, आई0टी0।
9. राज्य के सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी/खण्ड मौलिक शिक्षा अधिकारी।

Kuldeep M

सहायक निदेशक तालमेल
कृतेः निदेशक सैकेण्ड़री शिक्षा हरियाणा,
पंचकूला
19/6/25